प्रादेशिक समाचार
19.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए संसदीय दल की बैठक आज नई दिल्ली में हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन का परिचय कराया और उनका स्वागत किया।

***************

इधर, इंडिया गठबंधन ने बी सुदर्शन रेडडी को विपक्ष की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनके नाम की घोषणा की।

***************

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बताया है कि गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के अंतर्गत भारतीय भाषा अनुभाग का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों के साथ उनकी प्रथम राजभाषा में पत्राचार करना है। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री राय ने कहा कि मोदी सरकार भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में दर्ज सभी भाषाओं तथा अन्य भाषाओं और बोलियों के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है।

***************

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स–2 के निर्माण को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ग्रामीणों को बिना नोटिस दिए खेती से रोका गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे रिम्स–2 के विरोधी नहीं हैं, लेकिन इसके निर्माण के लिए रांची में अन्य जमीन उपलब्ध है। श्री सोरेन ने घोषणा की कि 24 अगस्त को सैकड़ों ग्रामीणों संग प्रस्तावित जमीन पर हल चलाएंगे और साथ ही उन्होंने सूर्य हांसदा एनकाउंटर की भी सीबीआई जांच की मांग की।

***************

झारखंड शराब घोटाला मामले में जेल में बंद वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे को बड़ी राहत मिली है। एसीबी कोर्ट ने विनय चौबे को सशर्त जमानत दे दी है। बेल पर रहने के दौरान उन्हें राज्य से बाहर जाने से पहले कोर्ट को सूचना देनी होगी। साथ ही ट्रायल के दौरान वे अपना मोबाइल नंबर भी नहीं बदल सकते हैं। एसीबी कोर्ट ने 25–25 हजार के दो निजी मुचलके भरने की शर्त भी रखी है।

***************

रामगढ़ जिले में मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं दुरुपयोग को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

***************

कोडरमा घाटी के जमसोती नाला के पास एक ट्रक और गैस टैंकर की टक्कर में ट्रक खाई में गिर गया, जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे में गैस टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हुआ जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुट गई।

***************

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में 24 अगस्त तक भारी बारिश की आशंका जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है, साथ ही इस दौरान गर्जन, आकाशीय बिजली और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक 63.2 मिमी बारिश साहिबगंज के राजमहल में दर्ज की गई है।

***************

दो बार की ओलिम्पिक पदक विजेता मनु भाकर ने कजाख्स्तान में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया है।

दस मीटर एयर पिस्टल की टीम स्पर्धा में मनु भाकर, सुरूचि सिंह और पलक गुलिया की टीम ने एक हजार 730 अंक हासिल किये।

*******समाप्त*******